शुक्रवार
3 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 59 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## नालंदा की घटना गूंजी लोकसभा में, पप्पू यादव ने फांसी की उठाई मांग




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के अजयपुर (ढिबरा) गांव में एक महिला के साथ हुई कथित अमानवीय घटना का मामला अब लोकसभा तक पहुंच गया है। पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने संसद में इस घटना को उठाते हुए कहा कि यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि मानवता और सभ्य समाज को झकझोर देने वाली दरिंदगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला को अर्धनग्न कर सड़क पर घसीटा गया और उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। घटना का वीडियो भी वायरल किया गया, जिसने पूरे राज्य में आक्रोश पैदा कर दिया है।

लोकसभा में अपनी बात रखते हुए सांसद पप्पू यादव ने कहा कि पीड़िता का पति बाहर काम करता है और महिला जब अपना पैसा मांगने गई तो कुछ युवकों ने उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया। उन्होंने कहा कि यह घटना मणिपुर में हुई शर्मनाक घटना की याद दिलातीहै। सांसद ने कहा कि नालंदा की यह घटना महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और न्याय से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे मामलों में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा, यहां तक कि फांसी दी जाए।सांसद पप्पू यादव ने यह भी कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त कानून और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना जरूरी है।

इधर सामाजिक कार्यकर्ता राजू दानवीर ने भी घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के साथ ऐसी घटना अक्षम्य है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि समाज में कानून का डर कायम रह सके।

## भीषण गर्मी और लू से बचाव को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक, अस्पतालों को किया अलर्ट



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में बढ़ती गर्मी और संभावित लू की स्थिति को देखते हुए गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अगलगी की घटनाओं की रोकथाम तथा सरकारी अस्पतालों में आम लोगों को लू से बचाव और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत के साथ ही अत्यधिक गर्मी से जनजीवन प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में अधिक गर्मी और लू चलने की आशंका है। ऐसे में छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बाहर काम करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिलेके सभी सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जाए। अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों, ओआरएस, आईवी फ्लूइड और अन्य मेडिकल उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में लू से प्रभावित मरीजों के लिए समर्पित वार्ड और पर्याप्त बेड की व्यवस्था की जाए तथा चिकित्सकों और पारा चिकित्सा कर्मियों की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी एंबुलेंस को ऑक्सीजन और आवश्यक उपकरणों के साथ 24 घंटे अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि लू से बचाव के उपायों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए और "क्या करें, क्या न करें" की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि संभावित खतरों से समय रहते बचाव किया जा सके।

## बिजली तार की चिंगारी से बेलछी में भीषण अगलगी, 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के बेलछी गांव स्थित सत विगहवा खंधा में गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे बिजली के तार से निकली चिंगारी के कारण खेत में खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लग गई। आग लगते ही खेतों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं।

ग्रामीणों ने खेत से धुआं और आग की लपटें उठती देख तुरंत शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और अपने स्तर से आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, जिससे आग को और अधिक फैलने से रोका गया।

पूर्व सरपंच मुन्ना पासवान ने बताया कि बेलछी स्कूल के दक्षिण स्थित खेतों में अचानक आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टी, मिट्टी तथा अन्य साधनों से आग बुझाने में लग गए। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

इस अगलगी की घटना में अखिलेश महतो की करीब 6 बीघा, बिजेंद्र महतो की 1 बीघा तथा बृजमोहन महतो की लगभग 1 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित किसान अखिलेश महतो ने बताया कि कुल मिलाकर करीब 8 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जो उनके लिए बड़ा आर्थिक झटका है।

घटना की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन खेत दलदली होने के कारण दमकल वाहन फंस गया। बाद में ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से वाहन को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने और क्षेत्र में जर्जर बिजली तारों की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

## मघड़ा मंदिर हादसे के पीड़ित परिवारों से मिले डॉ. सुनील कुमार, हरसंभव सहयोग का भरोसा




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के मघड़ा स्थित शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान हुई भगदड़ की घटना को अत्यंत दुःखद और हृदय विदारक बताया गया है। इस दर्दनाक हादसे में कई श्रद्धालुओं की असामयिक मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। आस्था के इस पावन अवसर पर अचानक मची अफरा-तफरी ने कई परिवारों को गहरा आघात पहुंचाया है।

इस दुखद घटना में बिहारशरीफ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से भी श्रद्धालुओं के निधन की खबर सामने आई है। सकुनत मोहल्ला निवासी दिनेश रजक की धर्मपत्नी स्व. रीता देवी, सालूगंज मोहल्ला निवासी अजय साव की धर्मपत्नी स्व. गुड़िया देवी तथा रहुई प्रखंड के विशुनपुर गांव निवासी जोगेंद्र यादव की धर्मपत्नी स्व. कृनता देवी के असामयिक निधन से पूरे इलाके में शोक का माहौल है।घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी गई और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया। शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए उनके दुख में सहभागी बनने का प्रयास किया गया।

साथ ही सनातन विकास ट्रस्ट की ओर से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, ताकि इस संकट की घड़ी में उन्हें कुछ संबल मिल सके।बताया गया कि यह घटना अत्यंत चिंताजनक है और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करनी चाहिए। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101110252504 32E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!


# अजयपुर घटना के विरोध में भाकपा माले और महिला संगठन का मार्च, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना क्षेत्र के अजयपुर गांव में महिला के साथ हुई कथित छेड़खानी और गैंगरेप की कोशिश की घटना के विरोध में भाकपा माले और अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (एपवा) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को बिहारशरीफ में विरोध मार्च निकाला। यह मार्च भाकपा माले के कमरुद्दीन गंज स्थित पार्टी कार्यालय से शुरू होकर एलआईसी मोड़, सरकारी बस स्टैंड होते हुए अस्पताल मोड़ तक पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई।सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य और नालंदा जिला सचिव श्रीनिवास शर्मा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक और दिल दहला देने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि बिहार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी घटनाएं कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करती हैं।नेताओं ने बताया कि 26 मार्च 2026 को अजयपुर गांव में अति पिछड़ा समुदाय की एक महिला के साथ कुछ दबंगों द्वारा सरेआम छेड़खानी और गैंगरेप की कोशिश की गई थी। महिला के शोर मचाने पर वह किसी तरह वहां से बचकर घर पहुंची। बाद में मामला दर्ज कराने पर आरोपियों द्वारा कथित रूप से वीडियो वायरल कर पीड़िता और उसके परिवार को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया।

सभा में नेताओं ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल चलाकर कड़ी सजा देने तथा पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम में रामधारी दास, महेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, रेणु देवी, गिरजा देवी, सोना देवी, प्रविला देवी सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।











Kalope
HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

## अजयपुर घटना पर संगठनों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा, पीड़िता को न्याय दिलाने का दिलाया भरोसा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत अजयपुर गांव में 26 मार्च 2026 को एक अतिपिछड़ा वर्ग की महिला के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर अतिपिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता और उसके परिवार से मुलाकात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल ने घटना की जानकारी लेते हुए पीड़ित परिवार की स्थिति का जायजा लिया।

बताया गया कि 26 मार्च की शाम करीब सात बजे पीड़िता किराना दुकान से राशन लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए कुछ अपराधियों ने रास्ते में उसे जबरन पकड़ लिया और मानवता को शर्मसार करते हुए अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। इस घटना से पीड़िता की गरिमा को गहरी ठेस पहुंची है और पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है।प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पीड़िता के घर पहुंचकर देखा कि भय के कारण पूरा परिवार घर में ही सीमित होकर रहने को मजबूर है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़िता और उसके परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे भयमुक्त होकर रह सकें।प्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना 26 मार्च को हुई थी, लेकिन पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए 1 अप्रैल को ले जाया गया, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए, ताकि दोषियों को कड़ी सजा मिल सके।

इस अवसर पर अतिपिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी, जिला महासचिव उमेश पंडित, महेंद्र प्रसाद, सुबोध कुमार उर्फ प्रमोद कुमार, छोटे पंडित, अवधेश पंडित, डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान तथा सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना पासवान सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मघड़ा मंदिर हादसे पर बेलदरिया विद्यालय में बच्चों ने रखा दो मिनट का मौन



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मघड़ा स्थित शीतला मंदिर में हुई भगदड़ की दर्दनाक घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए बिहारशरीफ प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बेलदरिया पावा में गुरुवार को विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस दौरान विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।प्रार्थना सभा में बच्चों ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में गंभीर और भावुक माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधान शिक्षक रोहित कुमार ने बच्चों को भगदड़ जैसी घटनाओं से होने वाली जान-माल की हानि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतना जरूरी होता है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि भीड़ में अफवाहों से बचना चाहिए और यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए तो घबराने के बजाय संयम बनाए रखना चाहिए।


उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति भीड़ में गिरने की स्थिति में हो तो दीवार या किसी मजबूत वस्तु को पकड़कर किनारे हो जाना चाहिए अथवा भीड़ के बहाव की दिशा में धीरे-धीरे आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही आपातकालीन निकास द्वार की जानकारी रखना भी जरूरी है। इस मौके पर शिक्षक बिनोद पांडेय, ललन पंडित, चंद्रशेखर पासवान और पायल गांधी ने भी बच्चों को भीड़भाड़ में होने वाले हादसों से बचाव के उपाय बताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।












# हरनौत के बराह पंचायत में भीषण अगलगी, 7 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख



हरिओम कुमार


हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत अंचल क्षेत्र के बराह पंचायत में गुरुवार को गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से करीब 7 एकड़ 9.75 डिसमिल फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से छह किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और उनके बीच चिंता का माहौल है।

बताया जाता है कि यह घटना बराह गांव से बैहरा खंदा के खेतों में गुरुवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे हुई। आग लगते ही खेतों में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से फैलकर आसपास की फसलों को अपनी चपेट में लेने लगीं। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभिन्न थानों से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद कई घंटों की मेहनत से आग पर काबू पाया गया।

हालांकि आग लगने का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली के तार से निकली चिंगारी सूखी गेहूं की फसल पर गिरने से आग भड़क गई।

अग्निशमन चालक इंद्रदेव कुमार ने बताया कि इस अगलगी में रामदेव सिंह का 50 कट्ठा, समिद्र यादव का 50 कट्ठा, कलिंदर यादव का 40 कट्ठा, विनोद यादव का 30 कट्ठा, रविशंकर कुमार का 17 कट्ठा और पिंकु राम का 40 कट्ठा खेत प्रभावित हुआ है। सभी किसान बराह पंचायत के वार्ड संख्या 9 के निवासी हैं।

पीड़ित किसानों ने फसल नुकसान की भरपाई के लिए अंचल कार्यालय और थाना में आवेदन देकर प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करने की बात कही है।












# ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर दिव्यांग खिलाड़ियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर गुरुवार को हरनौत स्थित नालंदा लक्ष्य एकेडमी परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन और नालंदा ऑटिज्म एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग खिलाड़ियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को ऑटिज्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जिसमें बच्चों के व्यवहार, संचार और सामाजिक संपर्क पर प्रभाव पड़ता है। ऐसे बच्चों को समाज में उचित सहयोग और सकारात्मक वातावरण की आवश्यकता होती है, ताकि वे भी अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ सकें।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऑटिज्म से जुड़े बच्चों और दिव्यांग खिलाड़ियों को समाज में बराबरी का सम्मान और अवसर मिलना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच इस विषय को लेकर फैली गलत धारणाओं को दूर करना और सकारात्मक सोच विकसित करना है। कार्यक्रम में नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव कुंदन कुमार पांडे, रवि कुमार, प्रमोद कुमार, ज्ञानेश पांडे और सतनाम कबीर सहित कई लोग उपस्थित रहे। वहीं दिव्यांग खिलाड़ियों में अंकित, हंसराज पांडे और आदित्य चौधरी ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।अंत में सभी उपस्थित लोगों ने ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और दिव्यांग खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने तथा उनके अधिकारों और प्रतिभा को सम्मान दिलाने के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया






## संपादकीय

जे पी चौधरी




# शरीर के इस कुदरती गुण को नजरअंदाज करके तकनीक यानी जीपीएस पर निर्भरता बढ़ाने लगे हैं

नोबेल पुरस्कार विजेता न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. एडवर्ड मोजर की वह चेतावनी चौंकाती है कि तकनीकी जीपीएस पर बढ़ती निर्भरता से इंसान के मस्तिष्क में स्थित कुदरती जीपीएस की क्षमता कम हो रही है। सदियों से इससे हमारे दिमाग में लक्षित स्थान का नक्शा बनाकर जगह तक पहुंचने में मदद मिलती थी। लेकिन हम रास्ते नहीं खोजते, बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। याद करें जब फोन नहीं थे तो वाहन चालक व सामान पहुंचाने वाले वर्कर्स खुद रास्ते तलाशकर गंतव्य स्थान तक पहुंचते थे। लेकिन अब हम अपने दिमाग में पहुंचने वाली जगह का नक्शा बनाने की बजाय बस जीपीएस की हिदायतें ही मानते हैं। हम सिर्फ रास्ते की कड़ियों का हिस्सा बन रहे हैं। एक समय था कि हमें घुमावदार रास्ते भी याद रहते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं। इसकी वजह है कि अब हम रास्तों व उसके आसपास की चीजों को याद करने की जहमत नहीं उठाते। कमोबेश यह स्थिति ऐसी ही है जैसे कुछ साल पहले तक हमें बहुत सारे फोन नंबर याद रहते थे। यहां तक कि लैंडलाइन फोन के नंबर भी हम याद रखते थे। लेकिन अब फोन में नंबर सुरक्षित करके हम अपने परिवार के खास फोन नंबर याद नहीं रख पा रहे हैं। इसी तरह हम कुदरती जीपीएस की क्षमताओं से वंचित होने लगे हैं।

दरअसल, वैज्ञानिकों के अनुसार मनुष्य के मस्तिष्क के भीतर ग्रिड सेल्स होते हैं। जिन्हें इंसानी दिमाग का भीतरी जीपीएस कहा जा सकता है। जो हमारा मार्गदर्शन करते हैं कि हम कहां हैं और हमें आगे कहां जाना है। ये ही हमारे दिमाग में लक्षित जगह का नक्शा बनाने में मदद करते हैं कि हमें कैसे व कहां जाना है। रोचक तथ्य यह है कि मनुष्य के मस्तिष्क में यह कुदरती जीपीएस जन्म के बाद जल्दी ही सक्रिय हो जाता है। यानी कुछ समय बाद ही मनुष्य के शरीर में रास्ते पहचानने की क्षमता विकसित हो जाती है। लेकिन विडंबना यह है कि हम लगातार अपने शरीर के इस कुदरती गुण को नजरअंदाज करके तकनीक यानी जीपीएस पर निर्भरता बढ़ाने लगे हैं। चिंता इस बात की भी है कि कहीं देर-सवेर हम अपने शरीर के भीतर स्थित जीपीएस से वंचित न हो जाएं।

# ‘जिहादी एक प्रेम कथा’ का अंतिम शेड्यूल पूरा, बिहार के कलाकारों से सजी फिल्म अगस्त में सिनेमाघरों में होगी रिलीज



पटना (अपना नालंदा)। अमेज़न पर प्रकाशित पुस्तक एवं बिहार की पृष्ठभूमि पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म "जिहादी, एक प्रेम कथा" का अंतिम शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। फिल्म की शूटिंग रोहतास के प्रसिद्ध करमचट डैम, पटना जंक्शन और गांधी मैदान सहित कई प्रमुख लोकेशनों पर की गई, जहां एक्शन सीक्वेंस और एक विशेष आइटम सॉन्ग की शूटिंग संपन्न हुई। फिल्म में कश्मीर फेम अभिनेत्री अनारा गुप्ता पर फिल्माया गया विशेष गीत आकर्षण का केंद्र बताया जा रहा है।फिल्म की निर्माता भार्गवी और निर्देशक संजीव कुमार हैं, जबकि सिनेमैटोग्राफी आर आर प्रिंस हैं। भार्गवी ने बताया कि “जिहादी: एक प्रेम कथा” केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि सामाजिक और भावनात्मक पहलुओं को छूने वाली कहानी है, जिसमें प्रेम, संघर्ष और समकालीन विषयों को जोड़ा गया है। खास बात यह है कि इस फिल्म में बिहार के अधिकतर कलाकारों को मौका दिया गया है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच मिल रहा है।फिल्म की स्टार कास्ट भी काफी दमदार है, जिसमें मनु कृष्णा, अपर्णा मल्लिक, अवधेश मिश्रा, फूल सिंह, रूपा सिंह, ललित उपाध्याय,अर्चना सिंह, संजय उर्फ मुन्ना सिंह , राकेश कपूर, दमयंती बनर्जी, शिवांगी सिंह, ऐश्वर्या संस्कृति, विजय श्रीवास्तव और राहुल श्रीवास्तव प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी अभिनव पाराशर ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद एस.के. चौहान और भार्गवी द्वारा तैयार किए गए हैं।अवधेश मिश्रा ने बताया कि कि फिल्म “जिहादी: एक प्रेम कथा” एक अलग और प्रभावशाली विषय पर आधारित है, जिसमें समाज और भावनाओं से जुड़े कई पहलुओं को मजबूती से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी और इसमें कलाकारों ने पूरे समर्पण के साथ काम किया है। अवधेश मिश्रा ने कहा कि इस फिल्म की खास बात यह है कि इसमें बिहार के प्रतिभाशाली कलाकारों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे क्षेत्रीय सिनेमा को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने दर्शकों से अपील की कि फिल्म रिलीज होने पर सिनेमा घरों में जाकर इसे जरूर देखें, क्योंकि यह एक सार्थक और मनोरंजक फिल्म साबित होगी।आपको बता दें कि इस फिल्म के गीतकार विनय बिहारी, नवाब आरज़ू, पप्पूजी और भार्गवी हैं। संगीत शिशिर पांडे ने तैयार किया है, जबकि गायकों की सूची में प्रियंका सिंह, शुभम कुमार, पामेला जैन, खुशबू जैन, इंदु सोनाली और जतिंदर सिंह जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। पी आर ओ रंजन सिन्हा हैं।

# इंजीनियर मुकेश और अंशु की रिंग सेरेमनी, परिवारों ने दिया आशीर्वाद



अखिलेंद्र कुमार

पटना (अपना नालंदा)। राजधानी पटना के दीघा स्थित प्रतिष्ठित कम्युनिटी हॉल अशोक वाटिका में 29 मार्च 2026 को इंजीनियर मुकेश कुमार और अंशु कुमारी की रिंग सेरेमनी भव्य समारोह के बीच संपन्न हुई। इस अवसर पर दोनों परिवारों के सदस्यों, रिश्तेदारों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से समारोह का माहौल उल्लासपूर्ण और गरिमामय बना रहा।इंजीनियर मुकेश कुमार स्वर्गीय सत्येंद्र प्रसाद और सुमित्रा देवी के सुपुत्र हैं, जबकि अंशु कुमारी अमरेन्द्र कुमार यादव और गायत्री देवी की पुत्री हैं। अंशु कुमारी तेजस्वी फैन्स एसोसिएशन, पटना की सचिव भी हैं। समारोह में दोनों परिवारों के बीच पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अंगूठियों का आदान-प्रदान हुआ और नवदंपती को सभी ने उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के कई अधिकारी और प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। इनमें बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के उप निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) नीरज कुमार, नालंदा के पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी केशव प्रसाद, पटना जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के पूर्व प्रधान लिपिक दयानाथ मिश्र, लिपिक आनंद साह सहित कई शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए।

इसके अलावा डॉ. मनीष, डॉ. धर्मेन्द्र (दिल्ली), रेलवे विभाग से ऋतुराज, सुनील कुमार दास, बंशीलाल राय, रणधीर कुमार, मनोज कुमार, धनंजय कुमार, अखिलेश चौबे, त्रिभुवन मुखिया तथा सबलपुर उत्तरी पंचायत के पार्षद प्रतिनिधि मो. एकलाख अहमद भी समारोह में मौजूद रहे।

राजनीतिक क्षेत्र से पूर्व मंत्री एवं विधायक श्याम रजक तथा राजद के विधायक व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार श्रीवास्तव ने भी पहुंचकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। परिजन और शुभचिंतक अब विवाह की तिथि घोषित होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सभी इस शुभ अवसर के साक्षी बन सकें।

# मगही अस्मिता की रक्षा के संघर्ष को मिलेगा फल: मंत्री जीतन राम मांझी



पटना (अपना नालंदा)। मगही भाषा और उसकी अस्मिता की रक्षा के लिए चल रहा संघर्ष व्यर्थ नहीं जाएगा। यह आश्वासन केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने दिया। उन्होंने कहा कि मगही भाषा और संस्कृति के सम्मान के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, उन्हें उचित दिशा देने के लिए सरकार स्तर पर भी पहल की जाएगी।मगही मगध नागरिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने अकबर रोड स्थित केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मगही भाषा के संरक्षण, संवर्धन और उसकी पहचान को मजबूत बनाने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई।मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री मांझी ने मगही अंदाज में कहा, “तोहनी मगही अस्मिता बचावे के संघर्ष बेकार नञ जईतय पारस बाबु, हम ऐकरा ले जरूर कुछ करबय।” उनके इस आश्वासन से मगही भाषा के समर्थकों में नई उम्मीद जगी है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि आने वाले समय में मगही भाषा के लिए निश्चित रूप से सकारात्मक पहल होगी और इसकी पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर हर्ष सिंह भी उपस्थित थे। इस खबर से संघ के उदय शर्मा, विजय सिंह, केदारनाथ सिंह, विजेंद्र सिंह, संकेत शर्मा, चामरी शर्मा, रामोतार शर्मा, राजकुमार सिंह, सत्यनारायण शर्मा, बिरेन्द्र शर्मा तथा अर्जुन वर्मा सहित कई सदस्यों ने खुशी जाहिर की और केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मघड़ा मंदिर हादसे की उच्चस्तरीय जांच हो, मृतकों के परिजनों को मुआवजा मिले:-डॉ. दिलीप कुमार



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और स्नातक अधिकार मंच के संयोजक डॉ. दिलीप कुमार ने गुरुवार को मघड़ा पहुंचकर दो दिन पूर्व शीतला माता मंदिर में हुई हृदयविदारक घटना का स्थल निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि 31 मार्च को मघड़ा स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में अत्यधिक भीड़ और दम घुटने के कारण आठ श्रद्धालु महिलाओं की मौत हो गई थी, जिससे पूरे इलाके में शोक और दुख का माहौल है।

स्थल निरीक्षण के दौरान डॉ. दिलीप कुमार ने वहां उपस्थित प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। लोगों ने बताया कि यह मंदिर अत्यंत पौराणिक और आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को जल चढ़ाने और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आवश्यक सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था की जा सके। दूसरी ओर, उसी दिन भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का कार्यक्रम भी जिले में निर्धारित था, जिसके कारण जिले के अधिकांश प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल ड्यूटी में तैनात थे।

डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि इस घटना को केवल औपचारिक कार्रवाई तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि केवल थाना प्रभारी को निलंबित करना और पुजारी को जेल भेज देना समस्या का समाधान नहीं है। थाना प्रभारी अपनी इच्छा से राष्ट्रपति की ड्यूटी में नहीं लगे थे, बल्कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर उनकी तैनाती की गई थी। इसलिए इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए।

उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि नालंदा जिले के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा



आते हैं। विशेष रूप से शीतलाष्टमी और चैत्र महीने के अंतिम मंगलवार को यहां भारी भीड़ उमड़ती है। इस अवसर पर न केवल नालंदा जिले बल्कि पूरे प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मंदिर में पूजा-अर्चना की व्यवस्था पुजारियों द्वारा ही कराई जाती है। घटना के दिन अत्यधिक भीड़ और गर्मी के कारण श्रद्धालुओं के बीच आपाधापी की स्थिति बन गई, जिससे बड़ी संख्या में लोग एक साथ मंदिर परिसर में प्रवेश कर गए। स्थिति अचानक अनियंत्रित हो गई और दम घुटने से यह दुखद हादसा घटित हो गया। डॉ. दिलीप कुमार ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और हृदयविदारक है, लेकिन इसे केवल किसी एक व्यक्ति की गलती मानना उचित नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि स्थानीय पूजा समिति की ओर से भी एक चूक हुई है, क्योंकि अत्यधिक भीड़ की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन को समय रहते सूचना दी जानी चाहिए थी, ताकि और व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए। बड़गांव सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, मां आशापुरी मंदिर घोसरामा, मां मनसा माता मंदिर पिलिच्छ, मां शीतला माता मंदिर मघड़ा और महतो बाबा मंदिर परनामा जैसे पौराणिक स्थलों को धार्मिक न्यास बोर्ड से जोड़कर ट्रस्ट का गठन किया जाना चाहिए, ताकि वहां बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि उन्होंने इस घटना की जानकारी विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. तपन कुमार को भी दूरभाष के माध्यम से दे दी है। डॉ. तपन कुमार ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि जल्द ही दिल्ली से एक टीम गठित कर इसकी जांच कराई जाएगी।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा मृतकों के आश्रितों को कम से कम दस-दस लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। साथ ही निर्दोष पुजारियों और छोटे पुलिस अधिकारियों पर की गई कार्रवाई की पुनः समीक्षा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

# महाबोधि महाविद्यालय में शिक्षक-कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न, कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा के सभागार में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ की महत्वपूर्ण आम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्थान के विकास, प्रशासनिक सुधार तथा कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में शासी निकाय के सचिव राजेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में डॉ. सुधीर कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष प्रो. सुधीर कुमार वर्मा ने की। महाविद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

बैठक का मुख्य आकर्षण शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ का विधिवत निर्वाचन रहा। निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में डॉ. सुधीर कुमार ने पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई। चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष तथा सदस्य पदों के लिए मतदान कराया गया।

निर्वाचन परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद पर प्रो. सुधीर कुमार वर्मा निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर विजय कुमार सिन्हा, सचिव पद पर विकास कुमार, संयुक्त सचिव पद पर प्रो. डॉ. मिथिलेश कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद पर अरविंद कुमार चुने गए। सदस्य के रूप में प्रो. शशि भूषण प्रसाद, विकास कुमार, डॉ. अंजुला कुमारी, श्रीमती मंजू कुमारी एवं नारायण कुमार को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया।

मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि संघ की सक्रियता से महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और समन्वय बढ़ेगा, जिससे संस्थान के समग्र विकास को गति मिलेगी।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने अपने संबोधन में महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के गठन की घोषणा की। इस समिति में डॉ. ललन कुमार पांडे को समन्वयक बनाया गया, जबकि डॉ. सुधीर कुमार, प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, प्रो. आनंदमूर्ति और प्रो. विकास कुमार को सदस्य के रूप में शामिल किया गया।

इसके अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियों के




बेहतर संचालन के लिए डॉ. कौशलेंद्र कुमार को समन्वयक तथा प्रो. शशि भूषण प्रसाद और प्रो. डॉ. रामानुज प्रसाद को सदस्य नियुक्त किया गया। इससे महाविद्यालय में शैक्षणिक कार्यक्रमों के संचालन में और अधिक प्रभावशीलता आएगी।

बैठक में कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति के समक्ष कर्मचारियों के लंबित एरियर का भुगतान, वार्षिक वेतन में उचित वृद्धि तथा छात्रों और शिक्षकों के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण की अनुमति देने की मांग रखी गई। प्रबंधन समिति ने इन मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई की स्थापना, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की सक्रियता तथा खेलकूद गतिविधियों में प्रगति की सराहना की। उन्होंने इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. धनंजय कुमार देव और विकास कुमार के प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को यूजीसी और नैक से मान्यता प्राप्त होना एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

इस अवसर पर प्रो. डॉ. अंसार काजमी, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. विभा सिन्हा, प्रो. मंजू कुमारी, प्रो. गीता कुमारी, डॉ. अनीता तलवार, डॉ. प्रेमलता कुमारी, डॉ. कुमारी रेणुका सिन्हा, डॉ. आनंद माधवन, डॉ. सुरेश प्रसाद, डॉ. विनोद प्रसाद, प्रो. अखिलेश मिश्रा, डॉ. राजेश रंजन, प्रो. राजेंद्र प्रसाद, प्रो. अरुण कुमार, प्रो. आकाश भारती, अनुज कुमार, प्रो. पल्लवी सिन्हा, डॉ. संध्या चौहान, डॉ. राखी कुमारी, प्रो. पुष्पलता कुमारी, प्रो. विभांशु प्रिया, प्रो. सुलेखा कुमारी, शशिभूषण, अनीश राज, डोमेनरायन मिस्त्री, सुभाष कुमार, सुरेंद्र मिस्त्री, रामप्रवेश प्रसाद, धीरेंद्र, चंद्रकिशोर, अवधेश, भूषण, मनोज और सुरेश सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन विकास कुमार द्वारा किया गया।

बैठक के अंत में महाविद्यालय परिवार ने भविष्य में और अधिक संगठित होकर संस्थान के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

# ह्यूमाना इटली प्रतिनिधिमंडल ने नालंदा में कदम प्लस और नेट कार्यक्रमों का निरीक्षण किया



विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ह्यूमाना इटली की अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि विओला, एच.पी.पी.आई. दिल्ली के महाप्रबंधक वेद प्रकाश, बिहार राज्य समन्वयक संजय कुमार तथा सोसाइटी ऑफ स्कूल्स के राकेश राजपूत ने 1 अप्रैल 2026 को नालंदा जिले के दो प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों—माध्यमिक विद्यालय धमोली और डाइट नूरसराय—का भ्रमण कर विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का जायजा लिया। यह पूरा कार्यक्रम एच.पी.पी.आई. डाइट समन्वयक डॉ. अनूप कुमार सिंह तथा एच.पी.पी.आई. नोडल सह डायट व्याख्याता प्रीति बारनावास के निर्देशन में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले माध्यमिक विद्यालय धमोली का दौरा किया, जहां "कदम प्लस" कार्यक्रम के तहत छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में भागीदारी और सीखने की प्रभावशीलता का अवलोकन किया गया। कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने भाषा विषय पर आधारित कदम थीम गतिविधियों के माध्यम से मौलिक कहानियां तैयार कर उनका प्रस्तुतीकरण किया। वहीं कक्षा 1 और 2 के बच्चों ने लघु नाटिकाओं के माध्यम से अपनी भाषाई अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

इस दौरान प्रतिनिधियों ने छात्रों के साथ ट्रियो समूहों में कदम टूल किट और कदम प्रैक्टिस वर्कबुक की समीक्षा की। साथ ही कदम थीम गतिविधियों, अभिभावक-अध्यापक बैठक (पी.टी.एम.), स्कूल प्रबंधन समिति (एस.एम.सी.) की बैठकों और विद्यालय समन्वयक से प्राप्त सहयोग पर शिक्षकों तथा प्रधानाचार्य से विस्तृत चर्चा की। इस अवलोकन से कार्यक्रम के कक्षागत क्रियान्वयन और विद्यार्थियों की प्रगति को लेकर सकारात्मक संकेत मिले।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल डाइट नूरसराय पहुंचा, जहां एच.पी.पी.आई. के नेट कार्यक्रम (नेसेसरी टीचर्स ट्रेनिंग—नेट प्लस) के अंतर्गत प्रशिक्षु शिक्षकों में शैक्षिक नवाचार और डिजिटल शिक्षण पद्धतियों के उपयोग का अवलोकन किया गया। डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु जान्वी, नवलेश, आलोक, दीपक और नंदनी ने अतिथियों का फूल-तिलक से स्वागत किया।

डाइट प्रभारी प्राचार्य डॉ. मो. सरफराज आलम और एच.पी.पी.आई. नोडल प्रीति बारनावास के साथ हुई औपचारिक बैठक में कार्यक्रम की प्रगति और उसके प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद प्रशिक्षु धीरज, आलोक, दीपक, नंदनी, प्रगति और शिक्षा ने



प्रतिनिधिमंडल को पूरे डाइट परिसर का भ्रमण कराया। इस दौरान फोटो गैलरी, कर्मचारी बोर्ड, पाँच वर्षीय योजना, नेट कार्यक्रम एवं डी.एम.एम. नेट प्लेटफॉर्म बैनर, फैकल्टी रूम, खेल मैदान, ओपन जिम, बैडमिंटन व वॉलीबॉल कोर्ट, छात्रावास, व्याख्याता आवास, खेल कक्ष, गणित प्रयोगशाला और आईसीटी प्रयोगशाला का भी अवलोकन कराया गया।

कक्षा कक्षों में प्रशिक्षुओं ने मासिक क्रियाकलाप योजना, नेट कार्यक्रम के 22 पीरियड और समय-सारणी के बारे में जानकारी दी। सामाजिक विज्ञान प्रयोगशाला में प्रशिक्षु डॉ. ओम प्रकाश के साथ असाइनमेंट पर चर्चा करते दिखाई दिए, जिसे प्रतिनिधियों ने ध्यानपूर्वक देखा। विज्ञान प्रयोगशाला में व्याख्याता संगम भारती के मार्गदर्शन में विभिन्न विज्ञान प्रयोगों की जानकारी दी गई। आईसीटी कक्ष में डिजिटल नेट प्लेटफॉर्म के माध्यम से अध्ययन कार्य और समूह चर्चा का भी प्रदर्शन किया गया।

डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित टी.एल.एम. कार्यशाला का भी अवलोकन किया गया, जिसका नेतृत्व गया डाइट को-ऑर्डिनेटर डॉ. अमित रत्न द्विवेदी कर रहे थे। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने ह्यूमाना इटली की प्रतिनिधि से इटली और भारत की शिक्षा व्यवस्था के बारे में संवाद भी किया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान डाइट प्राचार्य डॉ. मो. सरफराज आलम, एच.पी.पी.आई. नोडल प्रीति बारनावास, शशि भूषण आनंद, महफूज आलम, संगम भारती, अफरोज बानो, डॉ. अर्चना नाथ, डॉ. ओम प्रकाश, रश्मि कुमारी, डॉ. निर्मला तथा डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम की सराहना की।

# लोक शिकायत निवारण के तहत डीएम ने सुनी 9 अपीलें, कई मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अपीलीय मामलों की सुनवाई की। इस दौरान कुल 9 मामलों पर सुनवाई की गई, जिनमें विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर विस्तार से विचार किया गया।सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से जवाब-तलब किया और शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों में अधिकारियों की उपस्थिति में ही तथ्यों की जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया, जिससे शिकायतकर्ताओं को राहत मिली।बैठक में कुल तीन प्रमुख विभागों से संबंधित मामलों पर विशेष रूप से विचार किया गया।

कुछ मामलों में तकनीकी तथ्यों की विस्तृत जांच की आवश्यकता महसूस की गई। ऐसे मामलों में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत जांच प्रतिवेदन तैयार कर अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने स्पष्ट रूप से कहा कि लोक शिकायत निवारण प्रणाली आम नागरिकों को न्याय दिलाने का एक प्रभावी माध्यम है। इसलिए किसी भी मामले के निस्तारण में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता से जुड़े मामलों को गंभीरता से लें और निर्धारित समयसीमा के भीतर उनका निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# महावीर जयंती पर हिलसा में निकली कलश यात्रा, स्थापित होगी नई मूर्ति



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा शहर के कोर्ट परिसर स्थित शिव मंदिर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर बजरंगबली की नई मूर्ति स्थापना एवं अखंड कीर्तन भजन को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखने को मिला। धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत गंगा जल लाने से हुई, जो फतुहा के त्रिवेणी घाट से लाया गया था।

ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हिलसा शहर के बाबा अभयनाथ धाम परिसर से जलभरी का कार्य संपन्न हुआ। इसके बाद सैकड़ों महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर ढोल-नगाड़ों और बैंड-बाजे की धुन पर भव्य कलश यात्रा निकाली। श्रद्धालु पूरे रास्ते भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा बाबा अभयनाथ धाम, बिहारी रोड से प्रारंभ होकर सिनेमा मोड़ और योगीपुर मोड़ होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। इसके साथ ही देव पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अजय कुमार ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर शिव मंदिर कोर्ट परिसर में स्थापित पुरानी बजरंगबली की मूर्ति का विसर्जन कर नई मूर्ति की स्थापना की जाएगी। यह कार्यक्रम कलश यात्रा, प्राण प्रतिष्ठा, देव पूजन और आरती के साथ संपन्न होगा। 3 अप्रैल 2026, शुक्रवार को 24 घंटे का अखंड कीर्तन भजन आयोजित किया जाएगा, जबकि 4 अप्रैल 2026, शनिवार को अखंड कीर्तन का समापन भव्य भंडारे के साथ होगा।

इस अवसर पर उमेश सिंह, रवि कुमार, संजय पांडेय, बबलू कुमार, पिंटू कुमार, इंद्रजीत कुमार, कृष्णबल्लभ प्रसाद, प्रमोद कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# अंडर-19 वनडे ट्रॉफी में नवादा की शानदार जीत, शेखपुरा आठ विकेट से पराजित

विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी में गुरुवार को बिहार क्रिकेट संघ के घरेलू सत्र 2025-26 के अंतर्गत बीसीए मेंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी (मगध जोन) का मुकाबला नवादा और शेखपुरा के बीच पावापुरी खेल मैदान में खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में नवादा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेखपुरा को आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए शेखपुरा की टीम ने 49 ओवर में सभी विकेट खोकर 220 रन बनाए। टीम की ओर से अर्णव ने शानदार 99 रनों की पारी खेली, जबकि सचिन ने 61 रन बनाकर महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा पीयूष ने 17 और संजीव ने 12 रन बनाए।

नवादा की ओर से गेंदबाजी में इशू कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर 5 विकेट झटके। सचिन ने 40 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि अभिनव ने 30 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए।

221 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवादा की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 26.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। नवादा के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।



सूरज ने 76 रन, हर्ष ने 77 रन और सुभाष ने नाबाद 54 रन की उपयोगी पारी खेली।

शेखपुरा की ओर से गेंदबाजी में आशीष और गौरव को एक-एक विकेट मिला, लेकिन वे टीम को हार से नहीं बचा सके।

मैच के बाद नवादा के गेंदबाज इशू कुमार को शानदार गेंदबाजी के लिए "मैन ऑफ द मैच" का पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव गोपाल कुमार सिंह, पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, शेखपुरा के पूर्व सचिव गंगा प्रसाद यादव, नवादा सचिव मनीष आनंद, डॉ. संजय, संतोष पांडे, हैदर अली, सिद्धार्थ कुमार बाबा, बिक्रम सोलंकी, दीपक प्रसाद, विश्वजीत कुमार और अभिषेक कुमार सहित कई खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# हरनौत नगर पंचायत में डोर-टू-डोर कचरा उठाव को मिली गति, 20 नए रिक्शा ठेले रवाना

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय परिसर से गुरुवार को स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 20 नए रिक्शा ठेलों (कूड़ा संग्रहण वाहन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन ठेलों के माध्यम से नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा।

बताया गया कि इन ठेलों की खरीदारी बीते वित्तीय वर्ष के आवंटित राशि से की गई है। अभी तक नगर पंचायत क्षेत्र में चार टिपर गाड़ियों और 20 ठेलों के माध्यम से कचरे का उठाव किया जा रहा था। टिपर गाड़ियां मुख्य सड़कों जैसे एनएच-20 के दोनों किनारे, बीच बाजार, गोनावां रोड, डिहरी गढ़ और चंडी रोड आदि क्षेत्रों में आसानी से पहुंच जाती थीं। वहीं डाक बंगला रोड, पटेल नगर, गोगीपर, जल गोबिंद पथ, नियामतपुर, पोरई, कल्याण बिगहा रोड और चेरन जैसे इलाकों में भी इनका उपयोग होता था, लेकिन छोटी गलियों में पहुंचना मुश्किल होता था।

नई व्यवस्था के तहत अब रिक्शा ठेले छोटी-




छोटी गलियों तक पहुंचकर घर-घर से कचरा उठाव करेंगे। ठेला चालक सीटी बजाकर लोगों को सूचित करेंगे और घरों से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करेंगे। प्रत्येक ठेले पर तीन हरे और तीन नीले डस्टबिन लगाए गए हैं, जिससे कचरे का पृथक्करण भी सुनिश्चित होगा।

कार्यक्रम के दौरान उप मुख्य पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि नगर पंचायत में वर्तमान में 100 से अधिक सफाई कर्मी कार्यरत हैं, जिनमें सफाई प्रबंधक, सुपरवाइजर, सफाई कर्मी और एक पदाधिकारी शामिल हैं। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन, स्वच्छता प्रबंधक बंटी कुमार, डीईओ प्रीति कुमारी, हेड क्लर्क दिनेश, लेखापाल, वार्ड पार्षद सहित कई लोग मौजूद थे।

# रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों नें की फायरिंग, सोने की चेन लूटी

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी बाजार में रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों द्वारा फायरिंग और लूटपाट की गंभीर घटना सामने आई है। इस संबंध में थरथरी बाजार निवासी राजकपूर प्रसाद ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 28 मार्च की रात करीब 10 बजे वे चैत्र नवरात्रि दुर्गा पूजा समापन मेले को देखने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में स्थित श्रम प्रवर्तन कार्यालय भवन के पास पहले से घात लगाए करीब दस लोग हथियारों के साथ बैठे थे।

पीड़ित के अनुसार, जैसे ही वे वहां पहुंचे, बदमाशों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। हमलावरों में टुनटुन केवट, विक्की पासवान, बौना पासवान और सोनू ठाकुर समेत छह अज्ञात लोग शामिल थे।

# कतरीसराय में सर्पदंश से महिला की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा मां का साया

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के कतरीडीह गांव में शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक घटना में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान जागे मांझी की 32 वर्षीय पत्नी अमोला देवी के रूप में की गई है। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमोला देवी शुक्रवार की शाम घर में संध्या बत्ती (संझौती) दिखाने गई थीं। इसी दौरान घर के अंदर ही किसी जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। शुरुआत में परिजनों को इसकी जानकारी नहीं हो सकी, लेकिन थोड़ी देर बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। तब परिजनों को सर्पदंश की आशंका हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उनकी हालत काफी गंभीर हो चुकी थी। इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से परिवार पूरी तरह टूट गया है।

बताया जाता है कि अमोला देवी चार बच्चों की मां थीं। उनके असामयिक निधन से बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।

# अमावाँ पंचायत की बेटी ज्योति कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम

आर संतोष भारती

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज अमावाँ की बेटी ज्योति कुमारी ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में शानदार सफलता हासिल कर अपने परिवार, गांव और पंचायत का नाम रोशन किया है। ज्योति कुमारी ने इस परीक्षा में कुल 451 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

ज्योति कुमारी अमावाँ पंचायत निवासी संजय बिंद की पुत्री हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए यह सफलता प्राप्त की। घर की परिस्थितियां आसान नहीं होने के बावजूद उन्होंने छोटे भाई-बहनों की देखभाल करते हुए अपनी पढ़ाई को जारी रखा और कड़ी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से यह साबित हो गया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत के दम पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

ज्योति कुमारी की इस उपलब्धि को देखते हुए उन्हें "आईकॉन" घोषित किया गया है। यह सम्मान उनकी मेहनत, अनुशासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक माना जा रहा है। उनकी सफलता से पूरे अमावाँ पंचाय



त और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

इस अवसर पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने ज्योति कुमारी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुखिया प्रशांत कुमार उर्फ राजा बाबू, पंचायत समिति सदस्य सुधीर कुमार, समाजसेवी शशिकांत उर्फ मुन्नी जी, +2 विद्यालय अमरावती के शिक्षक किशोर कुणाल, प्राथमिक विद्यालय मानपुर के शिक्षकगण तथा शिक्षिका सरिता कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने ज्योति की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बताया गया कि इसी माह ज्योति कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। उनकी इस सफलता से क्षेत्र के अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रेरणा मिल रही है और लोग उनकी मेहनत व संघर्ष की सराहना कर रहे हैं।

# बनवरिया धाम में बाबा बकतोर पूजा का भव्य उद्घाटन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे

नगरनौसा (अपना नालंदा)। हरनौत विधानसभा क्षेत्र के नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत ग्राम वैरीगंज स्थित बनवरिया धाम में बाबा बकतोर पूजा का भव्य उद्घाटन गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नालंदा जिला जदयू उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा।उद्घाटन के उपरांत अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा बकतोर एक महान संत और समाजसेवी महापुरुष थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर संघर्ष किया और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर ही समाज में समरसता और विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।उन्होंने आगे कहा कि बाबा बकतोर की पूजा और उनके आदर्शों का स्मरण लोगों को सामाजिक एकता, भाईचारे और सेवा भाव की प्रेरणा देता है। इस प्रकार के धार्मिक और सामाजिक आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा लोगों के बीच आपसी सद्भाव बढ़ता है।

कार्यक्रम के दौरान नगरनौसा प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष अभयनंदन पांडेय, नगरनौसा प्रखंड के पूर्व मुखिया सुरेश प्रसाद यादव, भूताखार के पूर्व मुखिया अर्जुन प्रसाद यादव, कैला पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सह जदयू नेता रंजीत कुमार, 20 सूत्री समिति के सदस्य सह जदयू अति पिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर तथा जदयू नेता कपिलदेव सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




## अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर अपने व्यवसाय को दे नई पहचान

# नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251